वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष : (022) 24306321 / 24378866 फैक्स: 24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 12 जुलाई 2023

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

सीयूईटी-यूजी के परिणाम हों शीघ्र घोषित: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक के परिणाम शीघ्र घोषित करने की माँग करती है। प्रवेश-परीक्षा परिणाम में विलम्ब होने के कारण अकादमिक कैलेंडर प्रभावित होगा, कई विश्वविद्यालयों में पहले से ही विलंब से चल रहे अकादमिक सत्र प्रभावित हो सकते हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अकादमिक सत्र को समय से प्रारंभ करने और परीक्षाएं आदि समय पर आयोजित करने की दिशा में यथासंभव शीघ्रता से कदम बढ़ाने की माँग करती है। कोरोना महामारी के उपरांत पर्याप्त समय बीत जाने के उपरांत भी विभिन्न विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र का पटरी पर न लौटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि,"सीयूईटी-यूजी के माध्यम से केन्द्रीय विश्वविद्यालयों सहित बड़ी संख्या में अन्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रवेश होंगे, ऐसे में बहुत आवश्यक है कि समय से सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित किए जाएं। बीते अकादमिक सत्र में कई शैक्षणिक संस्थानों में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया दिसंबर तक चली, इस वर्ष ऐसी स्थिति नहीं बननी चाहिए। देश के सभी विश्वविद्यालयों में निश्चित समयावधि के भीतर प्रवेश-प्रक्रिया पूर्ण होनी चाहिए और तय समयानुसार कक्षाएं शुरू हों।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)